आकाशवाणी केन्द्र शिमला

09.06.2024 / प्रादेशिक समाचार / 1800बजे

शपथ ग्रहण

भाजपा के वरिष्ठ नेता नरेंद्र मोदी आज लगातार तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री की शपथ ग्रहण करेंगे। शपथ ग्रहण समारोह शाम 7 बजकर 15 मिनट पर राष्ट्रपति भवन प्रांगण में आयोजित होगा। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने एन.डी.ए. संसदीय दल के नेता व प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को नई सरकार के गठन के लिए आमंत्रित किया है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु भाजपा नेता नरेंद्र मोदी और उनकी मंत्री परिषद के सदस्यों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाएंगी। एन.डी.ए. के घटक दलों की ओर से समर्थन पत्र भी राष्ट्रपति को सौंपा गया है। राष्ट्रपति भवन के बाहर मोदी ने कहा कि एन.डी.ए. एक सुदृढ, स्थिर और विकासोन्मुख सरकार का गठन करेगी। नरेंद्र मोदी ने कहा कि लोगों ने एन.डी.ए. सरकार को एक और अवसर दिया है और यह 18वीं लोकसभा नवीन व युवा ऊर्जा का स्रोत है। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार, देशवासियों की आशाओं और आकांक्षाओं को पूरा करेगी। उन्होंने कहा कि पिछले दो कार्यकाल में जिस गति से देश आगे बढ़ा है, समाज के हर क्षेत्र में परिवर्तन साफ–साफ नजर आ रहा है। 25 करोड़ लोगों का गरीबी से बाहर आना अपने आप में हर भारतीय के लिए बड़े गर्व का विषय है।

विदेशी मेहमान

नरेंद्र मोदी के तीसरी बार प्रधानमंत्री पद के शपथ ग्रहण समारोह में भाग लेने के लिए पडोसी देशों के विभिन्न नेताओं को आमंत्रित किया गया है। पडोसी देशों के नेता समारोह में भाग लेने के लिए राजधानी पहुंच गए हैं। विदेश मंत्रालय के अनुसार श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे, मालदीव के राष्ट्रपति डॉक्टर मोहम्मद मुइज्जू, सेशेल्स के उप राष्ट्रपति अहमद अफीफ और बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना शपथ ग्रहण समारोह में भाग लेंगी। मॉरीशस के प्रधानमंत्री प्रविंद कुमार जुगनाथ, नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल प्रचंड और भूटान के प्रधानमंत्री त्शेरिंग तोबगे भी समारोह में भाग लेंगे। ये नेता राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा आज शाम आयोजित भोज में भी शामिल होंगे। नई सरकार के शपथ ग्रहण समारोह का अब से कुछ देर बाद शाम 6 बजकर 45 मिनट से आकाशवाणी से सीधा प्रसारण किया जाएगा।

सूचना

केंद्र में नई सरकार के शपथ ग्रहण समारोह का अब से कुछ देर बाद शाम 6 बजकर 45 मिनट से आकाशवाणी से सीधा प्रसारण किया जाएगा। इसके चलते आकाशवाणी केन्द्र शिमला से शाम 7 बजकर 45 मिनट पर प्रसारित होने वाला प्रादेशिक बुलेटिन शाम 6 बजकर 30 मिनट पर प्रसारित किया जाएगा।

वन्य प्राणी उद्यान

कांगड़ा ज़िले में देहरा उपमण्डल के बनखंडी में वन्य प्राणी उद्यान का पहला चरण अगले वर्ष जून तक पूरा कर लिया जाएगा। इस उद्यान का कार्य करीब 6 सौ 19 करोड़ रूपए की अनुमानित लागत से 3 वर्ष के भीतर 3 चरणों में किया जाएगा। मुख्यमंत्री सुखविन्दर सिंह सुक्खू ने शिमला में बताया कि इसके निर्माण के लिए बीते 24 मई को केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग के साथ एक समझौता ज्ञापन हस्ताक्षरित किया गया है। ये वन्य प्राणी उद्यान क्षेत्र के प्रमुख पर्यटन स्थल के रूप में उभरने के साथ–साथ स्थानीय लोगों को रोज़गार के अवसर भी उपलब्ध करवाएगा। मुख्यमंत्री के अनुसार इस उद्यान के परिसर में लोगों की सुविधा के लिए पर्याप्त पार्किंग, इलेक्ट्रिक चार्जिंग स्टेशन सहित अन्य बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएंगी।

खेल

इस बीच, मुख्यमंत्री ने कहा है कि राज्य सरकार ने प्रदेश में खेलों के प्रोत्साहन के लिए अनेक कदम उठाए हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश के कोने–कोने से खेल प्रतिभाओं की खोज कर उनकी प्रतिभा को निखारा जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार ने विभिन्न अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में पदक विजेताओं की पुरस्कार राशि में उल्लेखनीय वृद्धि करने के साथ–साथ खिलाड़ियों की डाइट मनी में भी वृद्धि की है। इसके अलावा खिलाड़ियों के प्रशिक्षण और उन्हें बेहतर सुविधाएं देने के लिए भी सरकार प्रतिबद्ध है।

शांडिल

स्वास्थ्य मंत्री धनीराम शांडिल ने कहा है कि राज्य सरकार प्रदेश की समृद्ध संस्कृति के संरक्षण के लिए वचनबद्ध है। उन्होंने कहा कि ये प्रयास किया जा रहा है कि संस्कृति और पर्यटन के माध्यम से प्रदेश की आर्थिकी को मज़बूत किया जा सके। धनीराम शांडिल सोलन के कोठों में फिलफॉट फोरम द्वारा आयोजित अखिल भारतीय नृत्य, नाटक और संगीत प्रतियोगिता के समापन समारोह में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि फिलफॉट फोरम द्वारा संगीत, नृत्य और अभिनय के माध्यम से पूरे भारत को जोड़ने का एक बेहतरीन कार्य किया जा रहा है। स्वास्थ्य मंत्री ने प्रतियोगिता के विजेताओं को सम्मानित भी किया।

पठानिया

विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने कहा है कि इस वर्ष चम्बा के अंतर्राष्ट्रीय मिंजर मेले का आयोजन पिछले वर्ष के मुकाबले अधिक बेहतर ढंग से किया जाएगा। इस वर्ष ये मेला 28 जुलाई से 4 अगस्त तक आयोजित किया जाना है।